समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 29 September 2026

# 2 WhatsApp पर अब आपकी आवाज सुनते ही AI देगा जवाब, नए फीचर.....

Publisher | Published on 05 Feb 2025




**OpenAI ने WhatsApp पर ChatGPT** का नंबर लॉन्च किया था. पहले यह चैटबॉट सिर्फ टेक्स्ट का जवाब देता था. अब नया अपडेट आ चुका है. अब यह चैटबॉट न सिर्फ टेक्स्ट मैसेज, बल्कि इमेज और वॉयस मैसेज (ऑडियो फाइल) को भी समझकर जवाब दे सकता है.

**OpenAI ने WhatsApp पर अपने ChatGPT** चैटबॉट के लिए एक नया अपडेट जारी किया है. अब यह चैटबॉट न सिर्फ **टेक्स्ट मैसेज, बल्कि इमेज** और **वॉयस मैसेज (ऑडियो फाइल)** को भी समझकर जवाब दे सकता है. OpenAI ने दिसंबर 2024 में **Meta** के इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप **WhatsApp** पर **ChatGPT** का नंबर लॉन्च किया था. शुरुआत में, यह चैटबॉट केवल टेक्स्ट आधारित सवालों के जवाब देता था, लेकिन अब इसमें नई सुविधाएं जोड़ी गई हैं.

**कैसे काम करता है नया अपडेट ?**

इस नए अपडेट की जानकारी सबसे पहले **Android Authority** ने दी. रिपोर्ट के अनुसार, अब WhatsApp पर उपलब्ध ChatGPT चैटबॉट यूजर्स द्वारा भेजी गई इमेज और ऑडियो फाइल्स को समझ सकता है और उनके आधार पर टेक्स्ट में जवाब दे सकता है. हालांकि, फिलहाल यह वॉयस मैसेज का जवाब ऑडियो में नहीं देगा, बल्कि टेक्स्ट में ही रिप्लाई करेगा.

**WhatsApp पर ChatGPT का इस्तेमाल कैसे करे ?**

1. अपने फोन में **ChatGPT** का आधिकारिक नंबर +1-800-242-8478 सेव करें.
2. इसके बाद, **WhatsApp** को दोबारा ओपन करें और अपने कॉन्टैक्ट्स में जाकर इस नंबर को खोजें.
3. चैट ओपन करें और टेक्स्ट भेजकर बातचीत शुरू करें.
4. आप टेक्स्ट के अलावा इमेज भेजकर भी सवाल पूछ सकते हैं.
5. वॉयस मैसेज भेजकर भी सवाल पूछ सकते हैं, और यह चैटबॉट टेक्स्ट में जवाब देगा.

### आने वाले नए फीचर्स

यह अपडेट सिर्फ एक शुरुआत है. **OpenAI** जल्द ही **WhatsApp** पर **ChatGPT** अकाउंट को लिंक करने की सुविधा देने वाला है. इससे यूजर अपने चैट हिस्ट्री को सिंक कर सकेंगे और पहले से की गई बातचीत को जारी रख सकेंगे. इसके अलावा, OpenAI ने हाल ही में "**Deep Research**" फीचर भी लॉन्च किया है. इस नए फीचर से यूजर जटिल रिसर्च से जुड़े सवाल पूछ सकते हैं और यह वेब पर जाकर मल्टी-स्टेप रिसर्च कर सकता है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.